# FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट )
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0205 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 18/09/2024 20:03 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7A |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 24/08/2024 **Date To (दिनांक तक):** 17/09/2024
   **Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 13:15 बजे **Time To (समय तक):** 16:00 बजे

   (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 18/09/2024 **Time (समय):** 18:30 बजे

   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 003 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 18/09/2024 20:03:12 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** NORTH, 160 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

   (b) **Address(पता):** PANCHAYAT SAMITI KARYALAYA GHANTIYALI, DIST.PHALODI

   (c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
   **Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** SHISHPAL URF SUBHASH

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** BABURAM

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1993 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | RAJEEV NAGAR BARJASAR, PHALODI, LOHAWAT, फलौदी, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | RAJEEV NAGAR BARJASAR, PHALODI, LOHAWAT, फलौदी, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BANSHU KHAN | | पिता:HUSSAIN KHAN | 1. THATO KI DHANI BARJASAR,PHALODI,JODHPUR RURAL,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 10,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 10,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर ग्रामीण कार्यवाही पुलिस निवेदन हैं कि दिनांक 24.08.2024 को वक्त 1.15 पी.एम. पर कार्यालय हाजा में मन् पारस सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र. नि. ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण के समक्ष परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष पुत्र श्री बाबुराम जाति विश्नोई उम्र 31 साल निवासी बरजासर तहसील फलोदी पुलिस थाना लोहावट जिला फलोदी ने कार्यालय में उपस्थित होकर एक हस्तलिखित रिपोर्ट इस आश्य की पेश की कि मै खेती बाडी का कार्य करता हुं, मेरी ग्राम पंचायत बरजासर की सरपंच श्रीमती अरबा खातु हैं परन्तु ग्राम पंचायत बरजासर का सरपंच पद का सम्पूर्ण कार्य सरपंच का जेठ श्री बच्चुखां द्वारा किया जा रहा हैं, जो पैराटीचर भी लगा हुआ हैं। मेरी पत्नी श्रीमती द्रोपदा के नाम से ग्राम पंचायत बरजासर मे नरेगा योजना के तहत वर्ष 2021-2022 मे एक टांका स्वीकृत हुआ था, जिनके आॅनलाईन स्वीकृति क्रमंाक 2715008313/ IF/112908658255 हैं, इसके साथ ही मेरे पडौसी ओमाराम पुत्र सोनाराम एवं सोनाराम पुत्र अमलुराम के नाम से टांका भी नरेगा मे स्वीकृत हैं उक्त तीनो टांको पर मस्टरोल जारी करवाये थें उक्त मस्टरोल में पुरा पेंमेन्ट भरने एवं अन्य कार्य प्लान में फीड करने के बदले श्री बच्चुखां मेरे से प्रत्येक श्रमिक के 500 रुपये के हिसाब से रिश्वत मांग रहा हैं, मै सरपंच प्रतिनिधि बच्चुखां को उक्त तीनो टांको के मिस्टरोलो मे पुरा पेमेंन्ट भरने, नये मिस्टरोल जारी करने व नये काम प्लान में फीड करने के बदले 60000/ रुपये रिश्वत लेते हुए रगे हाथो पकडवाना चाहता हुं। मेरी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि एवं सरपंच से कोई दुश्मनी नही हैं तथा ना ही मेरी सरपंच तथा सरपंच प्रतिनिधि से कोई लेन-देन बकाया हैं। परिवादी की हस्तलिखित रिपोर्ट में अकित तथ्य एवं मजीद दरियाफ्त से मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) का पाया जाने से आईन्दा रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाया जाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 24.08.2024 वक्त 1.50 पी.एम. पर मन् पारस सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र. नि. ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण ने कार्यालय मे उपस्थित श्री संजय कानि. 587 को कार्यालय कक्ष में तलब कर श्री संजय कानि. 587 से परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष का आपसी परिचय करवाकर कार्यालय का डिजिटल वार्यस रिकार्डर सुरक्षित अलमारी से निकलवाकर परिवादी शिशपाल उर्फ सुभाष एवं श्री संजय कानि को कार्यालय का डिजिटल वार्यस रिकार्डर को चलाना व बंद करने की समझाईस की जाकर परिवादी व श्री संजय कानि.के मोबाईल नम्बरो का आपस में आदान प्रदान करवाया गया। परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष ने बताया कि आज काफी समय हो चुका है, ग्राम बरजासर पहुंचने में काफी समय लगेगा तथा हम पहुंचेगे तब तक रात हो जायेगी फिर रात मे सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखां से मिलेगे तो उसे शक होने की सम्भावना रहेगी, इसलिये कल दिनांक 25.08.2024 को दिन में मिलगें। जिस पर परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के बताये अनुसार रिश्वत राशि मांग सत्यापन आईन्दा कल दिनांक 25.08.2024 को करवाने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी को समझाईस की गई कि आप कल दिनांक 25.08.2024 को दिन में ग्राम बरजासर उपस्थित रहना आपके पास श्री संजय कानि. आयेगा तथा आप आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि की उपस्थिति का मालुमात कर श्री संजय कानि. से डिजिटल वाॅयस रिकार्डर लेकर श्री बच्चुखां के पास जाकर रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता रिकार्ड कर लाने हेतु निर्देशित किया गया। वक्त 03.35 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरतने एवं कल दिनांक 25.08.2024 को श्री संजय कानि. 587 के ग्राम बरजासर में उपस्थित आने पर श्री संजय कानि. से सम्पर्क कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाने की हिदायत कर रवाना किया। वक्तः- 3.40 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री संजय कानि. को कल दिनांक 25.08.2024 को 6.00 एएम पर कार्यालय में पहुंच कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकार्डर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से प्राप्त कर ग्राम बरजासर पहुंच परिवादी से सम्पर्क रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता रिकार्ड कर लाने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 25.08.2024 वक्त 6.00 ए.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय हाजा पर पहुंच कार्यालय में उपस्थित कानि. श्री संजय कानि0 587 को कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकार्डर निकालकर उसमे खाली होना सुनिशिचित कर उसमें मेमोरी कार्ड आरडी माईक्रो 8 जीबी कम्पनी का डालकर डिजिटल वाॅयस रिकार्डर श्री संजय कानि. को सुपुर्द कर आवश्यक हिदायत कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाकर लाने हेतु ग्राम बरजासर के लिए रवाना किया। वक्तः- 8.00 पी.एम पर श्री संजय कानि. 587 उपस्थित कार्यालय आया एवं डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर पेश का बताया कि मै निर्देशानुसार कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर मय मैमोरी कार्ड के कार्यालय से

रवाना होकर ओसिया पहुचा तब वक्त 9.15 ए.एम पर परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के मोबाईल नम्बर से मेरे मोबाईल नम्बर पर फोन आया व परिवादी ने बताया कि मैने अपने स्तर पर सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखां का ग्राम बरजासर मे उपस्थित होने बाबत मालुमात किया तो सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखा नागौर साईड गया हुआ हैं, उनके वापस आने पर मै पुनः जरिये फोन आपको सूचित कर दूगां अभी आप ओसिया पर ही रुको। जिस पर मै साय करीब 5.00 पी.एम तक परिवादी के फोन के इन्तजार मे ओसिया मे ही मुकिम रहा वक्त 5.03 पी.एम पर परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के मोबाईल नम्बर [redacted] से मेरे मोबाईल नम्बर पर फोन आया तथा परिवादी ने बताया कि सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखां अभी तक बरजासर नही आया हैं, मेरे द्वारा सरपंच प्रतिनिधि के बारे मे मालूमात किया तो अभी वह नागौर ही हैं, अतः आज रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता होना सम्भव नही हैं आप वापिस चले जाओ आईन्दा सरपंच प्रतिनिधि नागौर से वापिस आने पर या सम्पर्क होने पर मै जरिये मोबाईल आपको या श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय को सूचित कर दूगा। जिस पर मै ओसिया से रवाना होकर कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया हुं। जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर सुरक्षित अलमारी मे रखा गया तथा श्री संजय कानि. को अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरतने एवं परिवादी से सम्पर्क होने पर तुरन्त मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत करने की हिदायत की गई। दिनांक 30.08.2024 वक्तः- 1.35 पी.एम पर श्री सजयं कानि0 587 ने मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि वक्त 1.30 पी.एम पर परिवादी श्री शिशपाल उर्फ श्री सुभाष के मोबाईल नम्बर [redacted] से मन कानि. के मोबाईल नम्बर पर फोन आया व परिवादी ने बताया कि सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बरजासर श्री बच्चुखां अभी गांव मे ही हैं, कल दिनांक 31.08.2024 को आप रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता हेतु उपस्थित आवे, जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री संजय कानि. को कल दिनांक 31.08.2024 को 7.00 एएम पर कार्यालय में पहुंच कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकार्डर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से प्राप्त कर ग्राम बरजासर पहुंच परिवादी से सम्पर्क कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता रिकार्ड कर लाने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांकः- 31.08.2024 वक्तः- 7.00 ए.एम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय हाजा पर पहुंच कार्यालय में उपस्थित कानि. श्री संजय कानि0 587 को कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकार्डर मय मेमोरी कार्ड श्री संजय कानि. को सुपुर्द कर आवश्यक हिदायत कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाकर लाने हेतु ग्राम बरजासर व आउ के लिए रवाना किया। वक्तः- 12.50 पी.एम पर श्री संजय कानि0 587 ने अपने मोबाईल नम्बर से मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल फोन पर काॅल कर अवगत करवाया कि मैं कार्यालय से रवाना होकर ओसिया के आस-पास पहुचा तब परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के मोबाईल नम्बर से मन कानि. के मोबाईल नम्बर [redacted] पर फोन आया व परिवादी ने बताया कि आप ओसिया बस स्टेण्ड पर उतर जाओ मै ओसिया बस स्टेण्ड पर आ रहा हुं जिस पर मै ओसिया बस् स्टेण्ड पर पहुच परिवादी के आने के इन्तजार मे व्यस्त हुआ कुछ समय बाद परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष बस स्टेण्ड ओसिया पर उपस्थित आया। जिस पर मै व परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष परिवादी की मोटरसाईकिल से ओसिया से रवाना होकर ग्राम बरजासर होते हुए थाटो की ढाणी रोड सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखा के ढाणी से थोडा पहले पहुंच मोटरसाईकिल को साईड मे खडा किया। तत्पश्चात मैंने परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को डिजिटल वाॅयस रिकार्डर चालु कर परिवादी को सुपुर्द कर सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखां के ढाणी की तरफ रवाना किया तथा मैं अपनी उपस्थिति छुपाते हुए सरपंच प्रतिनिधि के ढाणी के आस पास थाटो की ढाणी रोड पर अपनी उपस्थिति छुपाते हुए खडा रहा। कुछ समय पशचात परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष वापस मेरे पास आया जिस पर मैने परिवादी से डिजिटल वाॅयस रिकार्डर लेकर स्विच आॅफ कर अपने पास सुरक्षित रखा। परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष ने मेरे को बताया कि सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखां अपनी ढाणी पर उपस्थित मिला तथा मेरी सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखां से मेरे कार्य के संबंध मे वार्ता हो गई हैं जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कानि. श्री संजय को कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकार्डर लेकर कार्यालय आने एवं परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को आईन्दा रिश्वत राशि की व्यवस्था कर कार्यालय मे उपस्थित होने एवं अब तक कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की हिदायत कर रुखसत देने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पशचात वक्त 06.15 पी.एम. पर श्री संजय कानि0 587 कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया तथा कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकार्डर स्विच आॅफ सुदा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द किया तथा हालात उपरोक्त फिकरा अनुसार निवेदन किये तथा यह भी बताया कि आपके निर्देशानुसार मैंने परिवादी को रिश्वत राशि की व्यवस्था करने तथा गोपनीयता बरतने की हिदायत दी जाकर कस्बा आउ में छोडा जाकर कार्यालय पर उपस्थित आया हुं। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त डिजिटल वाईस रिकार्डर को चालु कर डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर मे रिकाॅर्ड वार्ता को सुना गया तो संग्दिध आरोपी श्री बच्चुखंा सरपंच प्रतिनिधि ग्राम बरजासर द्वारा परीवादी से 120 गुणा 500 अर्थात 60,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग करना पाया गया। जिस पर परिवादी द्वारा कम करते हुए 30,000/- रुपये देने हेतु कहने पर आरोपी श्री बच्चुखा द्वारा 30,000/- रुपये रिश्वत लेने हेतु सहमत होना पाया गया हैं। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा डिजिटल वाईस रिकार्डर अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया एवं उक्त रिकार्ड वार्ता की आईन्दा फर्द ट्राम्क्रिप्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया। दिनांकः- 06.09.2024 वक्त- 4.17 पी.एम पर मन् अतिरिक्त

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने मोबाईल नम्बर से परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के मोबाईल नम्बर [redacted] पर का ॅल कर संदिग्ध आरोपी श्री बच्चुखां को रिश्वत में दी जाने वाली राशि के लेकर कार्यालय मे उपस्थित आने के बारे में वार्ता करने पर परिवादी ने बताया कि मै पारिवारिक कारण से बाहर रिस्तैदारी मे गया हुआ हु, जो 3-4 दिन बाद वापिस गांव आउगा, उसके पशचात मै सरपंच प्रतिनिधि को रिश्वत मे दी जाने वाली रिश्वत राशि की व्यवस्था कर आपके कार्यालय मे उपस्थित हो जाउगा। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी को अब तक कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की हिदायत कर, रिश्वत राशि की व्यवस्था कर शीध्र ही एसीबी कार्यालय जोधपुर ग्रामीण पर उपस्थित आने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांकः- 09.09.2024 वक्तः- 4.30 पी.एम पर मन् पारस सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र. नि. ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर के कार्यालय पहुंच परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अंकित तथ्यो तथा आरोपी व परिवादी के मध्य हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता के हालात निवेदन किये जाकर श्रीमान से रहबरी हासिल की गई। दिनांक 10.09.2024 वक्त 5.23 पी.एम. पर मन अतिरिक्त पुलिस द्वारा अपने मोबाईल नम्बर से परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के मोबाईल नम्बर पर का ॅल कर आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बरजासर को रिश्वत मे दी जाने वाली राशि लेकर कल दिनांक 11.09.2024 को 9.30 ए.एम. तक कार्यालय हाजा उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पशचात वक्तः- 5.30 पी.एम. पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रीमान संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए जोधपुर के नाम से पत्र क्रम ांक 2050 दिनांक 10.09.2024 तैयार कर दो स्वतंत्र गवाहान लाने हेतु श्री ताराचन्द हैड कानि0 112 को उक्त पत्र सुपुर्द कर रवाना किया गया। वक्त 5.50 पी.एम. पर श्री ताराचन्द हैड कानि0 112 उपरोक्त फिकरा के कार्यालय संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए जोधपुर गया हुआ दो कार्मिकों को लेकर कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया जिस पर उक्त दोनों कार्मिको को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपना परिचय देकर उक्त दोनो कार्मिकों से उनका बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया जाने पर श्री प्रतापसिह पुत्र स्व0 श्री रतनसिह जाति राजपूत उम्र 50 साल, पैशा नौकरी, निवासी मकान नम्बर बी-33 यू.आई.टी. का ॅलोनी प्रतापनगर जोधपुर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए झालामण्ड जोधपुर मोबाईल नम्बर एवं श्री गंगासिह भाटी पुत्र श्री लक्ष्मणसिह जाति राजपूत उम्र 43 साल पैशा नौकरी निवासी मकान नम्बर 54 मोहन नगर-ए बी0जे0एस0 का ॅलोनी जोधपुर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए झालामण्ड जोधपुर मोबाईल नम्बर होना बताया। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों कार्मिको को बुलाने के मन्तव्य से अवगत करवाया गया। तत्पश्चात वक्तः- 6.10 पी.एम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वतंत्र गवाह श्री प्रतापसिह एवं श्री गंगासिह को अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरते तथा कल दिनांक 11.09.2024 को वक्त 9.00 एम पर कार्यालय मे उपस्थित आने की हिदायत कर रवाना किया गया। साथ ही समस्त स्टाफ को कल दिनांक 11.09.2024 को वक्त 9.30 ए. एम पर कार्यालय मे उपस्थित आने हेतु पाबंद किया गया। दिनांक 11.09.2024 वक्त 9.35 ए.एम. पर पूर्व से पाबन्दसुदा स्वतंत्र गवाह श्री प्रतापसिह एवं श्री गंगासिह कार्यालय हाजा पर उपस्थित आये एवं पूर्व से पाबंदसुदा कार्यालय हाजा का ब्यूरो जाब्ता कार्यालय में उपस्थित है। वक्त 1.50 पी.एम. पर पूर्व से पाबन्द शुदा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष कार्यालय में उपस्थित आया एव मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि मैं श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि (सरपंच श्रीमती अरबाखातु का जेठ) को मेरी पत्नी के नाम स्वीकृत टांके के लिए ही रिश्वत दूंगा। श्री बच्चूखां ने मेरे से तीन टांको मेरी पत्नी, श्री सोनाराम व श्री ओमाराम के लिये मांग सत्यापन के दौरान 30,000/- रूपये की रिश्वत मांगी थी। परन्तु मैं केवल मेरी पत्नी के हिस्से की 10,000/- रूपये ही दे सकता हुं, जिसकी व्यवस्था कर कल दिनांक 12.09.2024 को लेकर आ जाउगा। जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000/- रुपये रिश्वत राशि पर अग्रिम कार्यवाही ट्रेप कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय मे उपस्थित उक्त दोनो स्वतंत्र गवाहान को कार्यालय कक्ष मे बुलाकर दोनो स्वतंत्र गवाहान व परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष का आपसी परिचय करवाया गया, तथा उक्त दोनो स्वतंत्र गवाहान को परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को पढकर सुनाया गया एवं पढने को दी गई। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने पास सुरक्षित रखा कार्यालय का डिजिटल वा ॅयस रिकार्डर निकालकर चालु कर उसमें परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष एवं संदिग्ध आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि के मध्य हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 31.08.2024 को सुनाया गया। जिस पर दोनो गवाहान ने परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष से पूछताछ कर रिपोर्ट में अंकित तथ्यो की तसल्ली कर प्रकरण हाजा मे बतौर स्वतंत्र गवाहान रहने की मौखिक स्वीकृति दी जाकर परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजात पर अपने-अपने हस्ताक्षर किये। तत्पश्चात वक्त 2.30 पी एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रूबरू स्वतंत्र गवाहान के परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष एवं आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि (सरपंच श्रीमती अरबाखातु का जेठ) ग्राम पंचायत बरजासर के मध्य दिनांक 31.08.2024 को हुई रूबरू रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्तालाप जो कार्यालय के डिजिटल वा ॅईस रिकार्डर में रिकार्ड की गई थी। मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रूबरू गवाहान व परिवादी के उक्त डिजिटल वा ॅयस रिका ॅर्डर को कार्यालय के लेप-टा ॅप से जोडकर लेप-टा ॅप के इनबिल्ट स्पीकर की मदद से सुन-सुन कर श्री संजय कानि0 587 की सहायता से रिश्वत राशि मांग

सत्यापन वार्तालाप की फर्द ट्रांसस्क्रिप्ट तैयार करवाई जाकर संबंधितान के हस्ताक्षर करवाकर शामिल रंनिग नोट की गई। उक्त वार्तालाप कार्यालय के डिजिटल वाईस रिकार्डर में रिकार्ड की गई थी। उक्त डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर मे रिकाॅर्ड वार्ता की श्री संजय कानि0 587 से डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर को कार्यालय के लेप-टाॅप से जोडकर डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर मे रिकाॅर्ड वार्ता की कार्यालय के लेप-टाॅप मे काॅपी करवाई जाकर उक्त वार्ता की लेप-टाॅप की मदद से 4-4 जीबी के दो मैमोरी कार्ड तैयार करवाये गये। उक्त दो मैमोरी कार्ड मे से एक मैमोरी कार्ड जिसमे रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्तालाप जो कुल वार्ता 49.7 एम.बी. की है तथा शेष मैमोरी कार्ड खाली है। उक्त मैमोरी कार्ड को मूल मैमोरी कार्ड मानते हुए मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रुबरु गवाहान व परिवादी के मूल मैमोरी कार्ड को मैमोरी कार्ड के पैकेट मे डलवाकर तत्पश्चात एक कपडे की थैली मे डलवाकर, थैली के मुंह की सिलाई करवाकर, थैली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर, शील्ड मोहर कर संबंधितान के हस्ताक्षर करवाये गये। दूसरे मैमोरी कार्ड को डब मैमोरी कार्ड मानते हुए खुला ही रहने दिया गया। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त शील्डसुदा मूल मैमोरी कार्ड एवं डब मैमोरी कार्ड को मालखाना प्रभारी श्री अचलाराम हैड कानि0 61 को सुपुर्द कर जमा मालखाना करवाया गया। कार्यालय का डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर सुरक्षित अपने पास रखा। तत्पश्चात वक्त- 5.30 पी.एम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वतंत्र गवाहान श्री प्रतापसिह कनिष्ठ सहायक एवं श्री गंगासिह कनिष्ठ सहायक कल दिनांक 12.09.2024 को वक्त 8.00 ए.एम पर कार्यालय मे उपस्थित आने तथा अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की हिदायत कर रवाना किया। तत्पश्चात वक्तः- 5.40 पी.एम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को संदिग्ध आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि को रिश्वत में दी जाने वाली राशि 10,000/- रुपये की व्यवस्था का कल दिनांक 12.09.2024 को वक्त 8.00 ए.एम पर कार्यालय मे उपस्थित होने तथा अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की हिदायत कर रवाना किया गया साथ ही समस्त स्टाफ को कल दिनांक 12.09.2024 को वक्त 8.00 ए.एम पर कार्यालय मे उपस्थित आने हेतु पाबंद किया गया। दिनांक 12.09.2024 वक्त 8.00 ए.एम. पर पूर्व से पाबन्दसुदा स्वतंत्र गवाह श्री प्रतापसिह एवं श्री गंगासिह कार्यालय हाजा पर उपस्थित आये एवं पूर्व से पाबंदसुदा कार्यालय हाजा का ब्यूरो जाब्ता कार्यालय में उपस्थित है। वक्तः- 8.05 ए.एम पर पूर्व से पाबंदसुदा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया तथा मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि मै श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बरजासर को रिश्वत मे दी जाने वाली राशि 10,000/- रुपये लेकर आया हुं, जो मेरे पहनी हुई जिन्स पेन्ट की सामने की बांयी जेब में रखी है। तत्पश्चात वक्त 8.30 ए.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को रिश्वत राशि पेश करने हेतु कहा जाने पर परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष ने अपनी पहनी हुई जिन्स पेन्ट के सामने की बांयी जेब से निकाल कर आरोपी श्री बच्चुखंा को दी जाने वाली रिश्वत राशि 500-500 रू. के कुल 20 नोट कुल 10,000/- रुपये रूबरू स्वतंत्र गवाहान श्री प्रतापसिंह व श्री गंगासिंह के प्रस्तुत किये जाने पर उपरोक्त नोटो के नम्बर फर्द पेशकशी भारतीय मुद्रा के नोट नंबर एवं सुपुर्दगी मे अंकित किये गये। जिनके नम्बर निम्नानुसार हैः- क्र.सं. नोट का विवरण नोट के नम्बर 1. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 7GH 468920 2. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 1BS 154717 3. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 4GP 990334 4. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 1UH 626019 5. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 0NN 843033 6. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 4PH 882470 7. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 0DH 219569 8. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 8TW 565843 9. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 8MT 185639 10. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 5MN 257704 11. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 5TL 067990 12. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 2WD 432506 13. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 9UR 958683 14. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 8TF 698889 15. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 6PM 810836 16. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 0WF 836164 17. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 8FG 530387 18. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 3HV 780443 19. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 9RF 880601 20. 500 रूपये का एक नोट नम्बर 3QD 005260 मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री अचलाराम हैड कानि. 61 से कार्यालय के मालखाना से फिनोफथलीन पाउडर की शीशी मंगवाई जाकर संदिग्ध आरोपी को दी जाने वाली उपरोक्त रिश्वत राशि 10,000/-रू. भारतीय मुद्रा के नोटो को श्री अचलाराम हैड कानि. 61 को सुपुर्द कर एक पुराने अखबार पर रखवाये जाकर उक्त सभी नोटो पर श्री अचलाराम हैड कानि. 61 से हल्का-हल्का फिनोफथलीन पाउडर लगवाया गया। तत्पश्चात मन पारस सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष की जामा तलाशी स्वतन्त्र गवाह श्री प्रतापसिंह से लिवाई गई तो परिवादी के बदन पर पहने हुए कपडो में मोबाइल फोन के अलावा कोई आपत्तिजनक राशि अथवा कोई वस्तु नहीं रहने दी गई। ताबाद फिनोफथलीन पाउडर युक्त 10,000/- रुपये भारतीय मुद्रा के नोटो को श्री अचलाराम हैड कानि. 61 से ही परिवादी के पहनी हुई जिन्स पेन्ट की सामने की दाहिनी जेब में रखवाये गये। परिवादी को हिदायत दी गई की वह अपनी जेब मे रखे उक्त नोटों को रास्ते में हाथ नहीं लगाये तथा आरोपी द्वारा मांगने पर ही निकालकर उसे देवें। रिश्वत राशि देने के पश्चात एवं पूर्व आरोपी से हाथ नहीं मिलायें, यदि अभिवादन की आवश्यकता पड़े तो दूर से दोनो हाथ जोड़कर अभिवादन कर लें। आरोपी द्वारा रिश्वत राशि प्राप्त करने के पश्चात कहां रखता है अथवा कहां छुपाता हैं का भी ध्यान रखें। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि आरोपी द्वारा रिश्वत राशि प्राप्त कर लेने पर अपने

मोबाईल नं. [redacted] से मन् पारस सोनी के मोबाईल नम्बर [redacted] पर मिस काॅल/काॅल अथवा अपने दोनो हाथ सिर पर दो बार आगे से पीछे की तरफ फेर कर गोपनीय ईशारा करें ताकि मन् पारस सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, स्वतंत्र गवाहान एवं ट्रेप पार्टी को रिश्वत राशि के लेन-देन होने का पता चल सके। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनो स्वतन्त्र गवाहान व ट्रेप पार्टी के सदस्यों को हिदायत दी गई कि जहां तक सम्भव हो अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए रिश्वत राशि लेन-देन को देखने एवं वार्तालाप को सुनने का प्रयास करें। इसके पश्चात् एक नई पारदर्शी डिस्पोजल प्लास्टिक गिलास में साफ पानी भरवाकर उसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर मिलाकर घोल तैयार करवाने पर गिलास के घोल के रंग में कोई परिवर्तन नहीं आया। गिलास के उक्त रंगहीन घोल में नोटो पर फिनोफथलीन पाउडर लगाने वाले श्री अचलाराम हैड. कानि. 61 के दाहिने हाथ की अंगुलियो व अंगुठे को डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया। इस तरह हाजरीन को समझाईश की गई की जो भी व्यक्ति इन फिनोफ्थलीन पाउडर युक्त नोटो के हाथ लगाएंगा तो उसके हाथो की अंगुलियो व अंगुठे को सोडियम कार्बोनेट के घोल में धुलवाने पर घोल का रंग परिवर्तित होकर गुलाबी हो जायेगा, जिससे यह जाहिर होगा कि उसने फिनोफथलीन पाउडर युक्त राशि प्राप्त की हैं। इस प्रकार दृष्टान्त की क्रिया-अभिक्रिया को भली-भांति समझाया जाकर दृष्टान्त के उपयोग में लिये गये गुलाबी घोल को बाथरूम के वाश बेसिन में रूबरू गवाहान के श्री अचलाराम हैड कानि. 61 से डलवाकर नष्ट करवाया गया तथा जिस अखबार पर नोट रखकर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया था उस अखबार तथा पारदर्शी डिस्पोजल प्लास्टिक गिलास को जलाकर नष्ट करवाया गया। ट्रेप सामग्री किट, चम्मच, खाली पव्वों इत्यादी को भी साफ पानी व साबुन से अच्छी तरह दो बार धुलवाये जाकर ट्रेप बाक्स में रखवाये गये तथा नई पारदर्शी डिस्पोजल प्लास्टिक गिलासे ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। श्री अचलाराम हैड कानि0 61 के दोनों हाथों को भी साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। इसके पश्चात् परिवादी को छोडकर समस्त पार्टी की आपस में जामा तलाशी लिवाई गई तो ट्रेप दल में ब्यूरों स्टाॅफ के पास स्वयं के मोबाईल एवं विभागीय परिचय पत्र तथा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास आकस्मिक खर्च के 3000 रू0 रहने दिये गये, किसी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु अथवा राशि नहीं रहने दी गई। इसके पश्चात् परिवादी सहित समस्त ट्रेप पार्टी एवं गवाहान के हाथ साफ पानी में एवं साबुन से धुलवाये गये। तत्पश्चात श्री अचलाराम हैड कानि0 61 को फिनोफथलीन पाउडर की शीशी को कार्यालय की अलमारी में सुरक्षित रखवई जाकर हैड कानि0 को कार्यालय मे उपस्थित रहने की हिदायत की गई। उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पेशकशी, भारतीय मुद्रा एवं भारतीय मुद्रा के नोट एवं सुपुदर्गी तथा दृष्टान्ंत फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर अलग से मुर्तिब कर संबंधितान के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल रनिंग नोट की गई। अब तक के हालात उच्चधिकारियों को निवेदन किये गये। तत्पश्चात वक्त 9.28 ए.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा संग्दिध आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि के मोबाईल नम्बर [redacted] की लोकेशन ली गई तो संग्दिध आरोपी श्री बच्चुखां की लोकेशन ग्राम पंचायत मुख्यालय बरजासर पर नहीं होकर ओसिंया के आस-पास होना पाई गई। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के वाॅटस-अप मोबाईल नम्बर [redacted] से संग्दिध आरोपी के मोबाईल नम्बर [redacted] पर वाॅटस-अप पर Hi लिखवाकर मैसेज छोडा गया जिस पर संग्दिध आरोपी के उक्त मोबाईल नम्बर से परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के उक्त मोबाईल पर वाॅटस-अप काॅल आया, उक्त काॅल परिवादी द्वारा रिसीव कर संग्दिध आरोपी की उपस्थिति के बारे में पूछा तो आरोपी ने जोधपुर जाना बताया। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय समस्त ब्यूरो टीम द्वारा आरोपी के जोधपुर आने के इन्तजार मे कार्यालय हाजा पर ही मुकिम हुए। वक्त 10.03 ए.एम. पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के वाॅटस-अप मोबाईल नम्बर [redacted] से संग्दिध आरोपी के मोबाईल नम्बर [redacted] पर वाॅटस-अप काॅल कर बात करवाई तो संग्दिध आरोपी श्री बच्चुखां ने परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को कहा कि मै जोधपुर एम्स आ रहा हुं जो करीब दो घण्टे बाद एम्स से फ्री हो जाउगा, आप मुझे उसके बाद काॅल कर पता कर लेना अपन जोधपुर मे ही मिल लेगें। तत्पश्चात वक्त 10.45 ए.एम. पर परिवादी शिशपाल उर्फ सुभाष एवं संदिग्ध आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि के मध्य दिनांक 31.08.2024 को हुई रुबरु रिश्वत राशि मांग सात्यापन वार्तालाप के दौरान संदिग्ध आरोपी द्वारा परिवादी से मांग की गई रिश्वत राशि मे से श्री दिनेश कनिष्ठ तकनीकी सहायक पंचायत समिति घटियाली को भी 200/- रुपये प्रति श्रमिक देना पडता हैं, इत्यादि वार्ता होना पाई गई हैं। अतः संदिग्ध आरोपी श्री बच्चुखां एवं परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के मध्य रिश्वत राशि लेन-देन के समय संदिग्ध आरोपी बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि की श्री दिनेश कनिष्ठ तकनीकी सहायक पंचायत समिति घटियाली से जरिये मोबाईल फोन वार्ता करने का प्रयास किया जावेगा जिस पर श्री दिनेश कनिष्ठ तकनीकी सहायक पंचायत समिति घटियाली द्वारा इस बाबत वार्ता होने की सम्भावना को देखते हुए मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री दिनेश को दस्तियाब करने हेतु श्रीमती अनु चैधरी निरीक्षक पुलिस, श्री राम किशोर कानि0 13 मय बोलेरो नम्बर आरजे 14 यूडी 1395 चालक श्री लाला राम ड्रा.कानि. 638 को आउ फलोदी की तरफ रवाना किया गया। मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दोनो स्वतंत्र गवाहान, परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष एवं शेष ब्यूरो जाब्ता संदिग्ध आरोपी के जोधपुर आने के इन्तजार मे कार्यालय मे ही मुकिम हुए। वक्त 1.56 पी.एम. पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के वाॅटस-अप मोबाईल नम्बर [redacted] से संग्दिध आरोपी के मोबाईल नम्बर [redacted]

पर वाॅटस-अप पर काॅल कर बात करवाई तो संग्दिध आरोपी श्री बच्चुखां ने परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को कहा कि मै जोधपुर एम्स में बिजी हुं। फ्री हुआ तो मैं पुनः काॅल कर दूंगा नही तो कल बात करूगा। तत्पश्चात वक्तः- 2.16 पी.एम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रीमती अनु चैधरी निरीक्षक पुलिस को जरिये मोबाईल फोन सम्पर्क कर ब्यूरो जाब्ता मय वाहन एवं वाहन चालक के कार्यालय हाजा पहुचने हेतु निर्देशित किया गया। वक्त 2.35 पी.एम. पर संदिग्ध आरोपी श्री बच्चुखां द्वारा परिवादी को बताये हालात अनुसार आज ट्रेप कार्यवाही होना सम्भव नही होने से अग्रिम ट्रेप कार्यवाही आईन्दा 2-3 दिन बाद करने का निर्णय लिया जाकर हालात उच्चाधिकारियों को निवेदन किये गये। तत्पश्चात परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को पूर्व में सुपुर्द की गई रिश्वती राशि 10,000/- रूपये परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के पहनी हुई जिन्स पेन्ट की सामने की दाहिनी जेब से स्वतंत्र गवाह श्री प्रतापसिह कनिष्ठ सहायक से निकलवाये जाकर एक सफेद कागज में लिपटवा कर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षित अलमारी मे रखा जाकर अलमारी की चाबी मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास रखी गई। तत्पश्चात वक्तः- 2.40 पी.एम पर सवतंत्र गवाहान सर्व श्री प्रतापसिह एवं श्री गंगासिह कनिष्ठ सहायक को अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरतने, मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की बिना अनुमति के जिला मुख्यालय नही छोडने तथा मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा आईन्दा सूचित करने पर तुरन्त इस कार्यालय मे उपस्थित आने की हिदायत कर रवाना किया गया। वक्तः- 2.50 पी.एम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को हिदायत दी गई कि संदिग्ध आरोपी श्री बच्चुखां सरपंच प्रतिनिधि द्वारा आपसे सम्पर्क करने पर तुरन्त मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत करावे तथा तुरन्त कार्यालय मे उपस्थित आवे। साथ ही अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की हिदायत कर रवाना किया गया। तत्पश्चात वक्तः- 7.15 पी.एम पर इस समय श्रीमती अनु चैधरी निरीक्षक पुलिस, श्री राम किशोर कानि0 13 मय बोलेरो नम्बर आरजे 14 यूडी 1395 चालक श्री लाला राम ड्रा.कानि. 638 के आउ फलोदी की तरफ गये हुए कार्यालय हाजा पर उपस्थित आये। दिनांकः- 16.09.2024 को वक्त- 6.43 पी.एम पर परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष ने अपने मोबाईल नम्बर [redacted] से मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल नम्बर पर काॅल कर बताया कि सरपंच प्रतिनिधि श्री बच्चुखा जोधपुर अस्पताल से पुनः गांव आ गया हैं तथा कल दिनांक 17.09.2024 को गांव बरजासर मे ही रहेगा जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष को हिदायत दी गई कि आप कल दिनांक 17.09.2024 को वक्त 9.00 ए.एम पर कार्यालय मे उपस्थित आवे तथा अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता बरती जावे। तत्पश्चात वक्त 7.00 पी.एम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वतंत्र गवाहान सर्व श्री प्रतापसिह व गंगासिह को कल दिनांक 17.09.2024 को वक्त 9.00 ए.एम पर कार्यालय मे उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही ब्यूरो जाब्ता को भी वक्त 9.00 ए.एम पर कार्यालय मे उपस्थित होने हेतु पाबन्द किया गया। दिनांकः- 17.09.2024 को वक्त 9.15 ए.एम पर पूर्व से पाबन्दसुदा स्वतंत्र गवाह श्री प्रतापसिह एवं श्री गंगासिह कार्यालय हाजा पर उपस्थित आये एवं पूर्व से पाबंदसुदा कार्यालय हाजा का ब्यूरो जाब्ता कार्यालय में उपस्थित है। वक्तः- 11.30 ए.एम पर पूर्व से पांबद्सुदा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया। तत्पश्चात वक्तः- 11.35 ए.एम. पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष की जामा तलासी गवाह श्री प्रतापसिह से लिवाई जाकर परिवादी के पास अपने मोबाईल फोन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की राशि/आपत्तिजनक वस्तु नही रहने दी गई। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व मे अपनी सुरक्षित अभिरक्षा मे सफेद कागज मे लपेट कर अलमारी मे रखी हुई रिश्वत राशि गवाह श्री प्रतापसिह से निकलवाई जाकर, सफेद कागज से राशि बाहर निकलवाकर परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष के पहनी हुई जिन्स पेन्ट की सामने की दाहिनी जेब मे स्वतंत्र गवाह श्री प्रतापसिह से रखवाई गई। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वतंत्र गवाह श्री प्रतापसिह से उक्त सफेद कागज जिसमे रिश्वत राशि लपेट कर रखी गई थी उक्त सफेद कागज को जला कर नष्ट करवाया गया इसके पश्चात् परिवादी को छोडकर समस्त पार्टी की आपस में जामा तलाशी लिवाई गई तो ट्रेप दल में ब्यूरों स्टाॅफ के पास स्वयं के मोबाईल एवं विभागीय परिचय पत्र तथा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास आकस्मिक खर्च के 3000 रू0 रहने दिये गये, किसी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु अथवा राशि नहीं रहने दी गई। इसके पश्चात् परिवादी सहित समस्त ट्रेप पार्टी एवं गवाहान के हाथ साफ पानी में एवं साबुन से धुलवाये गये। वक्त 12.05 पी.एम पर मन् पारस सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, स्वतन्त्र मौतबिरान श्री प्रतापसिंह, श्री गंगासिंह, परिवादी श्री शिशपाल उर्फ सुभाष ब्यूरो जाब्ता श्रीमती अनु चैधरी निरीक्षक पुलिस, श्री ओमप्रकाश कानि. 471, श्री बचनाराम कानि. 447 श्री अमरसिंह कानि. 415, श्री संजय कानि. 587, श्री रामकिशोर कानि0 13 एवं मय ट्रेप बाॅक्स, डिजीटल वाईस रिकार्डर मय मेमोरी कार्ड, दो अतिरिक्त मैमोरी कार्ड, मेग लाईट (टार्च), एवं ट्रेप सामग्री, लैपटाॅप, प्रिन्टर, पानी का कैम्पर एवं परिवादी के कार्यवाही से संबंधित पत्रावली लेकर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के स्वंय के निजी वाहन एवं सरकारी वाहन बोलेरो नम्बर आरजे 14 यूडी 1395 मय चालक श्री लालाराम एवं प्राईवेट वाहन आरजे 19 सीजे 0046 से एसीबी कार्यालय जोधपुर ग्रामीण से ग्राम बरजासर पंचायत समिति घण्टियाली जिला फलोदी की तरफ रवाना हुए। वक्त 315 पी एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दोनों स्वतंत्र गवाहान, ब्यूरो जाब्ता के हमराहियान सरकारी वाहन बोलेरो चालक श्री लालाराम नम्बर 638 एवं मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निजी वाहन तथा प्राईवेट वाहन मय डिजिटल वाॅयस रिकाॅर्डर, ट्रेप बाॅक्स, प्रिन्टर, लेपटाॅप एवं

